# सड़क विस्थापितों को पीएमएवाय अनुदान देने से मना

▸ आईडीए को 9.50 करोड़ का झटका

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आईडीए को केंद्र सरकार ने पीएम आवास योजना 2 में विस्थापितों को अनुदान देने से मना कर दिया है. इसके बाद आईडीए एमआर-11 सड़क के विस्थापितों को अन्य जगह शिफ्ट करने के लिए असमंजस में है, क्योंकि 9.50 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान आईडीए को करना पड़ेगा. एमआर - 11 सड़क 80 प्रतिशत बन चुकी है और आईडीए 60 करोड़ रुपए निर्माण पर खर्च कर चुका है.

लगता है आईडीए के लिए एमआर-11 सड़क परेशानी का सबब बन चुकी है. उक्त 200 सौ फिट चौड़ी



3.5 किलोमीटर लंबी सड़क के बाधक 237 मकान हटाने के तैयारी आईडीए द्वारा की जा रही थी. आईडीए सड़क में बाधक बस्ती के 237 लोगों को योजना 136 में निर्मित अमलतास और एक अन्य बहुमंजिला इमारत में एक बेडरूम वाले फ्लैट आवंटित करने की योजना बना रहा था. आईडीए एमआर-11 में बाधक रहवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में फ्लैट आवंटित करने की तैयारी कर रहा था, जिसमें विस्थापितों को 4 लाख रुपए का अनुमान मिल जाता. मगर आईडीए को विस्थापितों को फ्लैट देने की योजना पर केंद्र सरकार ने तगड़ा झटका दे दिया है. प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में अनुदान 4 लाख रुपए की राशि देने से इंकार कर दिया है. ध्यान रहे कि आईडीए द्वारा एमआर-11 सड़क निर्माण पूरा लगने के लिए रहवासियों से 2 लाख, आईडीए 2.5 लाख और 4 केंद्र की पीएम आवास योजना में शामिल कर फ्लैट आवंटन कर रहा था, जिसमें बाकी आठ लाख का आवास ऋण हितग्राही भरने को तैयार हो गए थे. आम मामला उलझा गया है. आईडीए को अब 9.50 करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि का भुगतान करने का भार आ गया है, क्योंकि आईडीए एमआर-11 सड़क निर्माण पर 60 करोड़ रुपए खर्च कर चुका है. आईडीए के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है कि बाधक हटाए तो सड़क पूरी हो, नहीं हटाए तो 60 करोड़ खर्च करने पर भी अधूरी सड़क और सिंहस्थ में यातायात का सुचारू संचालन संभव नहीं हो सकेगा. इस बारे में आईडीए सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े ने बताया कि वे छुट्टी पर है.

**वर्तमान में सड़क निर्माण की स्थिति**

मास्टर प्लान की यह सड़क 60 मीटर यानी 200 फीट चौड़ी है और इसका करीब 2.7 किलोमीटर से ज्यादा हिस्सा बन चुका है. उक्त सड़क की निर्माण लागत 73 करोड़ रुपए है, जिसमें 60 करोड़ निर्माण में खर्च हो चुके है. इसका ठेका हाइवे इंफ्रास्ट्रक्चर को दिया गया है.

# फ्लाई ओवर ब्रिज के सर्विस रोड के बाधक हटाए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोमवार को प्रशासन, एमपीआरडीसी और नगर निगम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए देवास नाका फ्लाई ओवर ब्रिज के सर्विस रोड के बाधक हटाएं. बताया जाता है कि उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज की सर्विस रोड में करीब 35 मकान और दुकान बाधक थे. बाधक हटाने के बाद एमपीआरडीसी सर्विस रोड निर्माण कार्य में गति आ जाएगी.**



एमपीआरडीसी देवास नाका से मांगलिया तक 950 मीटर लंबा और 6 लेन चौड़ा फ्लाई ओवर ब्रिज बना रहा है. उक्त ब्रिज का 74 करोड़ की लागत से गुजरात वीआरएस बड़ौदा निर्माण कार्य किया जा रहा है. उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज की सर्विस रोड की चौड़ाई में करीब 35 से ज्यादा दुकानें और पक्के मकान बाधक थे. आज एमपीआरडीसी, प्रशासन, नगर निगम के संयुक्त कार्रवाई में बाधक हटाने की कार्रवाई की गई. कहा जा रहा है कि सर्विस रोड में बाधक अधिकांश लोगों स्वयं निर्माण हटा लिए या जगह खाली कर दी थी.

कार्रवाई के दौरान एसडीएम घनश्याम धनगर, एमपीआरडीसी मुख्य इंजीनियर गगन भाभर, रिमूवल दस्ते के प्रभारी बबलू कल्याने सहित बढ़ी संख्या में तीनों विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.

## एक नजर में

### मप्र के क्रिप्टो ट्रेडर्स सतर्क निवेशकों में शामिल

इंदौर. भारत के 6,000 से अधिक सक्रिय क्रिप्टो ट्रेडर्स और निवेशकों पर किए गए एक सर्वेक्षण में सामने आया है कि मध्य प्रदेश देश के सबसे सतर्क क्रिप्टो बाजारों में से एक है. राज्य के 73% क्रिप्टो ट्रेडर्स, यानी लगभग चार में से तीन निवेशक, अपने कुल पोर्टफोलियो का 10% से भी कम हिस्सा क्रिप्टो में रखते हैं. यह आंकड़ा सर्वे में शामिल सभी राज्यों में सबसे अधिक है और राष्ट्रीय औसत 48.4% से काफी ऊपर है. यह दर्शाता है कि मध्य प्रदेश के ट्रेडर्स और निवेशक क्रिप्टो को किसी सट्टेबाजी के रूप में नहीं, बल्कि अपने व्यापक वित्तीय पोर्टफोलियो में एक सीमित और जोखिम-संतुलित निवेश विकल्प के रूप में देखते हैं. मड्रेक्स के संस्थापक और सीईओ एडुल पटेल ने कहा भारत के क्रिप्टो उपयोगकर्ताओं को लेकर यह पुरानी धारणा रही है कि वे केवल अगली कीमत बढ़ने का इंतजार करने वाले सट्टेबाज हैं. यह सर्वे दिखाता है कि अधिकांश भारतीय क्रिप्टो ट्रेडर्स और निवेशक व्यवस्थित, धैर्यवान और दबाव की स्थिति में भी संतुलित निर्णय लेने वाले हैं.

### सेमसंग ने प्रीमियम रेजिडेंशियल कूलिंग को नया आयाम दिया

इंदौर. सेमसंग ने आज अपने अगली पीढ़ी के रेजिडेंशियल क्लाइमेट सॉल्यूशंस की घोषणा की, जो विंड फ्री कूलिंग, पीएम 1.0 एयर प्यूरिफिकेशन, स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी और एआई-सक्षम वीआरएफ तकनीक को एक साथ जोड़कर भारत में प्रीमियम रहने के अनुभव को नया रूप दे रहे हैं. भारत के बड़े शहरों में बढ़ते तापमान और खराब होती वायु गुणवत्ता जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया सेमसंग का यह एकीकृत समाधान उपभोक्ताओं को बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छ इनडोर हवा, कनेक्टेड जीवनशैली और ऊर्जा दक्षता प्रदान करता है. सेमसंग इंडिया में एसएसी बिज़नेस के प्रमुख विपिन अग्रवाल ने कहा सेमसंग में हमारा नवाचार हमेशा उपभोक्ताओं की वास्तविक जरूरतों और रोज़मर्रा की चुनौतियों को समझने से शुरू होता है. आज के घर खरीदार केवल कूलिंग नहीं चाहते, बल्कि बेहतर हवा, स्मार्ट कनेक्टिविटी, बुद्धिमान ऊर्जा प्रबंधन और अधिक आराम की भी अपेक्षा रखते हैं. हमारे विंड फ्री क्लाइमेट सॉल्यूशंस इन सभी जरूरतों को एक ही इकोसिस्टम में पूरा करते हैं, जो सेमसंग की एक विशिष्ट पेशकश है.

### जुगाड़ शिक्षा केंद्र कार्यशाला का समापन



इंदौर. स्कीम 140 मल्टी, इंदौर स्थित जुगाड़ शिक्षाकेंद्र में चल रही 15 दिवसीय नि:शुल्क कार्यशाला का समापन हो गया. कबीर जन विकास समूह के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला का समापन लाखन मंडलोई एवं विक्रम बोरदिया के कबीर गायन से हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के ऊर्जावान नृत्य कर ले जुगाड़ कर ले... से हुई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में भाग लेने वाले बाल कलाकारों में ईश्वर चौहान, चारुल भारती, उन्नति खेरडे, सरस खेरडे, कार्तिक मालवीय, कुणाल सरवान, वंशराज अटुते, कार्तिक सरवान, अश्विन खडसे, वैदेही जाधव, पार्थवी जाधव, किंजल्किनी शर्मा एवं राजवीर इंगले शामिल रहे. इस अवसर पर अनुणेश किरण सेवा न्यास के पवन श्रीमाल का स्वागत किया गया. समाजसेवी राकेश निसोदे का सम्मान डॉ. चारुशीला मौर्य, छोटेलाल भारती एवं सुरेश पटेल द्वारा किया गया. इस अवसर पर एडिशनल एस. पी.पुलिस सन्तोष कौल एवं समाज सेवी राजेन्द्र सिकरवार समाज सेवी ने बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किये. नाटक का निर्देशन चेतन्य शाह द्वारा किया गया,एवं नृत्य निर्देशन आर्यन सोलंकी ने किया जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।

### पीएमएवाई बदल रही है पीढ़ियों का भविष्य

इंदौर. अपना पहला घर खरीदना हर परिवार के लिए एक बड़ा सपना होता है. हालाँकि, संपत्ति की बढ़ती कीमतों और सीमित बचत के कारण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना आसान नहीं था. ऐसे में, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) ने किफायती आवास को बढ़ावा देकर इस दूरी को कम करने का काम किया है। ऋषि आनंद, एमडी एवं सीईओ, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अनुसार फरवरी 2026 तक पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत 13.61 लाख से अधिक घरों को मंजूरी दी जा चुकी है, जिससे लाखों परिवार अपने घर के सपने के और करीब पहुँच रहे हैं. इस योजना की सबसे बड़ी खासियत घर खरीदने को अधिक किफायती बनाना है. कई परिवार इस चिंता में रहते हैं कि वे होम लोन की किश्तें नियमित रूप से चुका पाएँगे या नहीं. पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत मिलने वाली ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) इस बोझ को कम करने में मदद करती है. इससे होम लोन अपेक्षाकृत सस्ता हो जाता है और परिवारों के लिए घर खरीदने का फैसला लेना भी आसान होता है.

### इंडियाज गॉट नोवा के साथ दिखेगा एआई+ का नया अंदाज

इंदौर. एआई+ स्मार्टफोन ने अपनी नोवा सीरीज़ का विस्तार करते हुए, नोवा 2 नियो 5जी और नोवा 2 प्रो 5जी लॉन्च कर दिए हैं. इन नए स्मार्टफोन्स के साथ कंपनी भारतीय ग्राहकों के लिए भरोसेमंद, आसानी से उपलब्ध और दमदार परफॉर्मेंस वाला स्मार्टफोन अनुभव की पेशकश करने की अपनी कोशिश को और आगे बढ़ा रही है. इन स्मार्टफोन्स के जरिए कंपनी का उद्देश्य नोवा अनुभव को और ज्यादा लोगों तक पहुँचाना है. चाहे पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहक हों, समझदारी से खर्च करने वाले यूज़र्स हों या फिर कंटेंट क्रिएटर्स, प्रोफेशनल्स और बेहतर परफॉर्मेंस के लिए नया फोन तलाश रहे लोग, यह सीरीज़ सभी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है. इस लॉन्च पर एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के संस्थापक माधव शेठ ने कहा स्मार्टफोन मार्केट तेजी से बदल रहा है और आज ग्राहक ऐसे डिवाइस चाहते हैं, जो उनकी अपनी जरूरतों, पसंद और लाइफस्टाइल के मुताबिक हों. अब हर किसी के लिए एक जैसा स्मार्टफोन अनुभव काम नहीं करता. इसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए, नोवा सीरीज़ को तैयार किया गया है.

# अधूरे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें

▸ महापौर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सोमवार को महापौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जनकार्य विभाग विकास कार्यों की समीक्षा की. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की सभी योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली. इस दौरान स्वीकृत योजनाओं, निर्माणाधीन एवं पूर्ण योजनाओं, निर्मित एवं आवंटित फ्लैटों की संख्या, लंबित कार्यों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की समीक्षा की.



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज निगम सभागृह में पीएम आवास इकाइयों की स्थिति का प्रेजेंटेशन देखा और समीक्षा की. महापौर ने स्वीकृत फ्लैट, निर्मित फ्लैट, निर्माणाधीन फ्लैट, आवंटित फ्लैट, रजिस्ट्री की प्रगति, रिक्त आवासों की संख्या, प्रतीक्षा सूची की स्थिति एवं निरस्त प्रकरणों की जानकारी ली. समीक्षा बैठक में सतपुड़ा परिसर एवं निर्माणाधीन आवास योजनाओं की कार्य प्रगति पर चर्चा में अधूरे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर पात्र हितग्राहियों को जल्दी आवंटित करने के निर्देश दिए. साथ ही अरावली परिसर में निर्मित 1 बीएचके आवासों के बचे काम तथा पात्र हितग्राहियों को तुरंत फल आवंटित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए. बैठक में अपर आयुक्त अर्थ जैन, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री पी.एस. कुशवाह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे.

**रहवासी संघों का गठन करें**

महापौर भार्गव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासीय परिसरों में रहवासी संघों का गठन करने का कहा है. उन्होंने कहा कि परिसर के रखरखाव, स्वच्छता, सुरक्षा के लिए रहवासी संघ का गठन जरूरी है. साथ ही सड़क निर्माण में बाधक को पीएम आवास योजना में फ्लैट देने पर विचार किया.

### मदर इंडिया शक्ति साड़ी रैली का आयोजन 23 अगस्त को

इंदौर. भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और साड़ी की गौरवशाली परंपरा को समर्पित मदर इंडिया शक्ति साड़ी रैली 2026 का आयोजन आगामी 23 अगस्त को इंदौर में किया जा रहा है. इस आयोजन में हजारों महिलाओं की सहभागिता प्रस्तावित है. रैली का उद्देश्य भारतीय साड़ी संस्कृति, महिला सशक्तिकरण, हस्तकरघा विरासत तथा राष्ट्रीय एकता को एक मंच पर लाना है. मदर इंडिया शक्ति साड़ी रैली की संस्थापक एवं क्यूरेटर रजनी खेतान ने बताया कि यह केवल एक रैली नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, महिला सम्मान और सामाजिक एकजुटता का उत्सव है. उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं से इस ऐतिहासिक पहल से जुड़ने का आह्वान किया है. आयोजन में विभिन्न राज्यों की पारंपरिक साड़ियों में सुसज्जित महिलाएँ भाग लेंगी, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता का अनूठा प्रदर्शन करेंगी.

## सीबीएसई ने जारी किए कक्षा 12वीं सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के परिणाम, 87% से अधिक आवेदनों का निस्तारण

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों से संबंधित सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के परिणाम जारी करना शुरू कर दिया है. बोर्ड के अनुसार, यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से संचालित की जा रही है और अब तक प्राप्त कुल आवेदनों में से 87 प्रतिशत से अधिक के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं.

सीबीएसई ने बताया कि जिन आवेदनों के परिणाम अभी जारी नहीं हुए हैं, उन्हें भी आगामी चरणों में उपलब्ध कराया जाएगा। बोर्ड को उम्मीद है कि पूरी प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण कर ली जाएगी. छात्र अपने आवेदन की वर्तमान स्थिति और परिणाम *results.digilocker.gov.in* पोर्टल पर जाकर देख सकते हैं. बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक आवेदन का निस्तारण एक पारदर्शी, सुदृढ़ और सावधानीपूर्वक निगरानी की गई प्रणाली के तहत किया गया है, जिससे निष्पक्षता और परिणामों की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके.

# तालाब गहरीकरण कार्य समय सीमा में करें पूर्ण

▸ निगमायुक्त ने जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के कार्य कर रहा है. इसमें शहर के तालाबों गहरीकरण और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कार्य किए जा रहे हैं. सोमवार को निगम आयुक्त ने शहर में जल संरक्षण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया. साथ ही अधिकारियों को जल गंगा संरक्षण अभियान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए.**



आज निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने नायता मुंडला तालाब गहरीकरण एवं पाल मजबूतीकरण कार्य का अवलोकन किया. उन्होंने कहा कि तालाब गहरीकरण एवं पाल सुदृढ़ीकरण कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाए. आयुक्त सिंघल ने अनाज मंडी वेयर हाउस परिसर का निरीक्षण किया. यहां उन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग के अंतर्गत प्रस्तावित संरचनाओं, रिचार्ज शाफ्ट एवं स्टोरेज टैंक निर्माण कार्यों मौका मुआयना किया. उन्होंने कहा कि बड़े संस्थानों एवं परिसरों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था विकसित कर भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी.

**▸ जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य प्राथमिकता से करें**

आयुक्त सिंघल ने अधिकारियों से कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें. जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जनता की सहभागिता पर जोर दें. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक, कार्यपालन यंत्रीअश्विन जनवदे, सहायक यंत्री आकाश जैन सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

# अगर हम काफिर हैं तो हमारी बनाई सड़क पर मत चलो..!

▸ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बयान चर्चा में

**इंदौर.** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 में आयोजित दो दिवसीय विकास कार्यक्रम के दूसरे दिन मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक बयान दिया, जो राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है.

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में सड़क निर्माण सहित कई विकास कार्य चल रहे हैं और यहां विभिन्न समुदायों के लोग रहते हैं. उन्होंने कहा कि कुछ मुस्लिम उन्हें 'काफिर' कहकर संबोधित करते हैं. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा- अगर हम काफिर हैं तो हमारी बनाई सड़क पर मत चलो और अगर सरकार की योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है, जैसे लाड़ली बहना या लाड़ली लक्ष्मी योजना, तो उसे भी न लिया जाए. मंत्री ने अपने बयान में आगे कहा कि उनकी सरकार और पार्टी ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया है. उन्होंने कहा कि नीति स्पष्ट है- 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास.' उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का काम जनता की सेवा करना है और यह काम राजनीतिक समर्थन मिले या न मिले, लगातार जारी रहेगा. विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि यदि जनता समर्थन देती है तो वे और अधिक समर्पण से कार्य करेंगे, लेकिन समर्थन न मिलने पर भी विकास कार्य नहीं रुकेंगे. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक-1 और 5 में लगभग 2.39 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया. यह बयान सामने आने के बाद क्षेत्रीय राजनीतिक माहौल में चर्चा तेज हो गई है, जबकि कार्यक्रम में मंत्री ने स्वयं को भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा का अवसर मिलने को अपना सौभाग्य बताया.



### विचार प्रवाह साहित्य मंच की ऑनलाइन संगोष्ठी

इंदौर. विचार प्रवाह साहित्य मंच ने फादर्स डे पर ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की। वरिष्ठ लेखिका डॉ. सोनल मेहता (भोपाल) की अध्यक्षता में हुई इस गोष्ठी में विभिन्न शहरों से शामिल हुए रचनाकारों ने पिता को लेकर किस्से सुनाए और काव्य पाठ किया. रचना पाठ और किस्सागोई के दौरान अपने जीवन में पिता के योगदान का स्मरण कर कई रचनाकार खुद तो भाव विभोर हुए ही साथी रचनाकारों को भी भाव विभोर कर दिया. वरिष्ठ लेखिका अमिता मराठे, अर्चना पंडित, कुमुद दुबे (भोपाल), धीरेंद्र कुमार जोशी (महू), सुषमा दुबे, सुषमा सिन्हा, आशा मुंशी, सुषमा व्यास पारिजात मित्रा शर्मा (महू), अर्चना मंडलोई, माधुरी व्यास नवपमा, राधिका रितेश मंडलोई,, निशा बुधे झा (जयपुर), डॉ. पूनम विशाल आदि ने रचना पाठ किया. स्वागत भाषण मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने दिया. संचालन उपासना गुप्ता ने किया. आभार आयोजन संयोजक अमोघ अग्रवाल ने माना.

## मानसून से पहले बिजली विभाग को सताया बड़ा बिजली कटौती का डर

*अधिकारियों को जारी हुए अलर्ट*

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** मानसून की शुरुआत के साथ ही बिजली विभाग को मालवा-निमाड़ क्षेत्र में आपूर्ति व्यवस्था चरमराने की आशंका सताने लगी है. तेज हवा, आंधी और बारिश से बिजली लाइनों व उपकरणों को नुकसान पहुंचने की संभावना को देखते हुए विभाग ने सभी जोन और वितरण केंद्रों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं.

बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम खराब होने पर होने वाले बिजली व्यवधानों को जल्द से जल्द सुधारने के लिए अतिरिक्त टीमें तैनात की जाएं. इससे साफ है कि आगामी दिनों में कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को विभाग भी गंभीरता से देख रहा है. विभाग ने अधिकारियों को यह भी कहा है कि बिजली बंद होने की स्थिति में उपभोक्ताओं को कारण और बहाली का अनुमानित समय बताया जाए. लगातार मिल रही उपभोक्ता शिकायतों और मानसून के दौरान बढ़ने वाले फॉल्ट्स को देखते हुए विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है. हालांकि विभाग त्वरित सुधार के दावे कर रहा है, लेकिन हर साल बारिश के दौरान होने वाले लंबे बिजली कटौती और बार-बार आने वाले फॉल्ट उपभोक्ताओं के लिए चिंता का विषय बने रहते हैं.



## गुलाब बाग कॉलोनी में योग शिविर

इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में गुलाब बाग कॉलोनी में योग शिविर का आयोजन किया गया. सभी बच्चों ने उत्साह के साथ इस वर्ष भी अपनी-अपनी प्रस्तुति दी. शिक्षक प्रतिमा त्रिपाठी ने सभी को ध्यान, भ्रामरी प्राणायाम, योग आसान करवाए. उनके साथ अनीता सिंह, कुंतल, सुप्रिया ने सहभागिता की. बच्चो को हर दिन सूर्य नमस्कार करने की शपथ दिलाई.

एक नजर में ▸ अग्रवाल वैश्य एकता प्रकल्प का आयोजन

## सुखद वर्षा की कामना कर पौधे रोपने का लिया संकल्प

इन्दौर. मध्य प्रदेश वैश्य एकता प्रकल्प द्वारा पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर गौशाला में समाज बंधुओं, गौसेवकों एवं विभिन अग्रवाल संगठनों की ओर से गौवंश को गुड़ चना, खली काकड़ा, गेहूं का चापड़ एवं हरा चारा सहित अन्य व्यंजन परोसे गए. इस मौके पर मौजूद सैकड़ों बंधुओं ने मालवांचल में सुखद वर्षा की कामना के साथ मंदिर में अनुष्ठान किया, वहीं गौशाला में पहुंचकर विभिन्न सेवा कार्यों के संकल्प भी लिए.



प्रकल्प के प्रमुख गौरव अग्रवाल ने बताया कि पंचकुइया आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास महाराज के सानिध्य में इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी बंधुओं ने वर्षाकाल में अपने घर-आँगन में एक-एक पौधा रोपने, ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों के लिए दानापानी रखने और नियमित रूप से गौशाला में पहुंचकर गौसेवा करने के संकल्प लिए.

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी किशोर गोयल, राजेश कुंजीलाल गोयल, ओम ऐरन, राजेंद्र समर्पण, मनोज गुप्ता, मनीष जायसवाल, मुकेश ब्रजवासी, कांता ओम ऐरन, विष्णु गुप्ता, मुरलीधर धामानी, प्रद्युम्न जैन, आशा जायसवाल, रेणु-अनिता, उमा-श्याम, ज्योति गर्ग सहित अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद थे जिन्होंने सेवा प्रकल्पों को और अधिक गति से संचालित करने का संकल्प भी व्यक्त किया.